हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

10 अतिक्रमण पर नगर निगम प्रशासन ने दिखाई सख्ती



10 हैंडबॉल में होली चाइल्ड स्कूल की श्रुति ने जीता कांस्य



## खबर संक्षेप

### ब्लाइंड मर्डर मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने 6 अक्टूबर को सुंदर नगर निवासी राजेश की गोली मारकर की गई हत्या के ब्लाइंड मर्डर मामले में पांचवें आरोपी रामगढ़ जींद निवासी धीरज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से आगामी गहन पूछताछ जारी है। आरोपी को पेश अदालत कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 अक्टूबर की शाम थाना शहर हिसार को सूचना मिली कि सुंदर नगर क्षेत्र में गोली चलने की घटना हुई है।

### हत्या प्रयास मामले में एक युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नारनौंद।** पुलिस ने पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर हत्या प्रयास मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक की पहचान सोमबीर निवासी नारनौंद के रूप में हुई है। आरोपित युवक गिरफ्तार कर लिया है। उसने बताया कि प्रवीन निवासी हांसी को 10 हजार रुपये दिए थे। जब भी रुपये मांगने जाता तो प्रवीन के साथ महिला छिन्दो देवी मुझे रुपये देने से मना कर देती करती थी। इसी बात को लेकर पास मे खड़ी रेहड़ी से चाकू उठाकर उसके पेट में वार कर दिया और भाग गया।

### अफीम लाने वाले सप्लायर को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस चौकी सोरखी पुलिस ने 622 ग्राम अफीम के असल सप्लायर अरविन्द निवासी माहरानी भेरिया जिला कटुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस चौकी सोरखी में तैनात एएसआई धर्मबीर ने बताया कि आरोपित युवक ने कुछ दिनों पहले ताजदीन उर्फ रोहताश निवासी खरबला को 622 ग्राम अफीम सप्लाई की थी। उसके खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला किया गया था।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए झासल, हनुमानगढ़ निवासी राधे श्याम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस टीम ने तोशाम रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका। कागजात मांगे जाने पर चालक कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। उसने अपनी पहचान राधे श्याम निवासी झासल, हनुमानगढ़ के रूप में बताई।



हिसार। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद साइकिलें। फोटो : हरिभूमि

### साइकिल चोरी का आरोपी दबोचा, 8 साइकिलें बरामद

**हिसार।** पीएलए पुलिस चौकी ने साइकिल चोरी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी एएसआई अनूप ने बताया कि साकेत कॉलोनी निवासी नवीन संधू ने 8 नवंबर को कैमरी रोड स्थित शूटिंग अकादमी के सामने से साइकिल चोरी होने की शिकायत थाना सिविल लाइन में दर्ज करवाई थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रिंकू निवासी मंगाली खास को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने शहर के विभिन्न स्थानों से साइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरीशुदा 8 साइकिल बरामद की हैं।

# हिट एंड रन के मामलों में अधिकारियों को त्वरित व सख्त फैसले लेने के निर्देश

- डीसी यादव ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिलों के विभिन्न सड़क मार्ग पर साइन बोर्ड लगाने, अवैध कट बंद करने, स्पीड ब्रेकर व ब्लैक स्पॉट को दुरूस्त करने, सडक़ के दोनों ओर पनपी झाडिय़ों का साफ करने व अन्य सुरक्षा उपायों पर गंभीरता से कार्य करने की हिदायत दी है। उन्होंने हिट एंड रन के मामलों में अधिकारियों को त्वरित व सख्त फैसले लेने के निर्देश दिए।



हिसार। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, आरटीए संजय बिश्नोई, डीआईओ दीपक भारद्वाज, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, उप सिविल सर्जन डॉ. तरुण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की जानें गई

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति से पास किए गए एजेंडे पर अधिकारी गंभीरता से कार्य करें और जहां भी कमी नजर आए, उसे तुरंत दुरुस्त कराया जाए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय सीमा में एक्शन टेकन रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत की जाए, ताकि समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि अक्टूबर माह के दौरान हिसार जिले में दुर्घटना से 16 लोगों की जाने गई हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी कदम उठाते हुए ई-चालान व मोबाइल ऐप की सहायता से ऑवर स्पीड, बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी तथा बिना सीट बेल्ट वाले चालकों के चालान करने के निर्देश दिए।

### सड़क के दोनों ओर सफेद पट्टी को दुरूस्त करने की हिदायत

जिला पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बैठक के दौरान सर्दी के मौसम के दृष्टिंागत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को एक विशेष अभियान चलाकर ट्रेक्टर ट्रोलियों सहित अन्य वाहनों, डिवाइडर, खंभों, बैरिकेड इत्यादि पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा कोहरे की स्थिति में सडक़ के दोनों और सफेद पट्टी को दुरूस्त करने की हिदायत दी।

### उपमंडल अधिकारी स्कूली वाहनों की चेकिंग करें

उपायुक्त ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधीनीस्थ क्षेत्र में अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की चेकिंग के निर्देश भी दिए। अवैध खनन के विषय पर बैठक में उपायुक्त ने ऑवर लोडिंग वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त टीम गठित करके प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) एवं ज्यादा से ज्यादा चालान करने की हिदायत दी।

# डीसी ने ढाणी पुरिया की महिला सरपंच को किया निलंबित

चुनाव में फर्जी मार्कशीट लगाई, पढ़ाई कहां से की, नहीं कर पाई साबित

## जांच में सरपंच भतेरी की आठवीं की मार्कशीट फर्जी निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला उपायुक्त द्वारा हांसी उपमंडल के गांव ढाणी पुरिया की सरपंच भतेरी देवी को फर्जी शैक्षणिक योग्यता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 175 और 51 के तहत की गई है। सरपंच भतेरी के खिलाफ गांव के ही बजरंग ने 23 जून 2025 को उपमंडल अधिकारी को शिकायत भेजी थी। उपमंडल अधिकारी को भेजी गई शिकायत में बजरंग ने आरोप लगाया था कि उनके गांव की सरपंच भतेरी की 8वीं कक्षा की मार्कशीट फर्जी है। शिकायत मिलने के बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) हांसी प्रथम अशोक महरा और जिला शिक्षा अधिकारी हिसार ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। इन रिपोर्टों के आधार पर दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से तलब किया गया। उसके बाद सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी पुरियां को कारण बताओ नोटिस के संबंध में निजी रूप ना पक्ष रखने के लिए व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 10 नवंबर को सुबह निजी रुप से बुलाया गया।

### असली प्रमाण-पत्र नहीं किए प्रस्तुत


जांच के दौरान जांच अधिकारियों द्वारा पूछे गए किसी भी प्रश्न का भतेरी देवी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाईं और लगातार बीमारी का हवाला देकर बचने का प्रयास करती रहीं। हालांकि, नोटिस पर दिए अपने लिखित जवाब में उन्होंने दावा किया कि उन्होंने 1987-88 में केडी शास्त्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोरी गेट हिसार से मिडिल क्लास पास की थी। उन्होंने प्रमाणपत्र खोने और वर्ष 2020 में सिविल लाइन थाना हिसार में दी गई गुमशुदगी रिपोर्ट का भी जिक्र किया। इसके बाद विभाग द्वारा सरपंच भतेरी देवी को 30 अक्टूबर और 10 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर असली प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा गया। लेकिन 30 अक्टूबर को पहली तारीख पर वे अपनी सास की मृत्यु का कारण बताकर जांच में शामिल नहीं हुई, और दूसरी तारीख पर भी अपना शैक्षणिक साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहीं।

### पंचायत की किसी भी कार्रवाई में भाग लेने पर रोक लगाई

खंड विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा की गई जांच में पाया कि भतेरी देवी पंचायती राज एक्ट की धारा 175 में वर्णित योग्यता पर खरी नहीं उतरी है। जिसके बाद हिसार उपायुक्त अनीश यादव ने उन्हें सरपंच पद से तुरंत प्रभाव से निलंबित करते हुए भविष्य में ग्राम पंचायत की किसी भी कार्रवाई में भाग लेने पर रोक लगा दी है।

### अधिकारियों के प्रश्नों के जवाब नहीं दे सकी सरपंच

बयान और रिकॉर्ड की जांच के दौरान, सरपंच भतेरी देवी न तो अपनी शैक्षणिक योग्यता साबित कर पाईं और न ही जांच अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक जवाब दे सकी। जांच अधिकारियों ने जांच के दौरान उनसे पूछा था कि उन्होंने 8वीं कक्षा किस वर्ष और किस स्कूल से पास की, क्या उन्होंने वास्तव में 8वीं पास की है, उनके 5 सहपाठियों के क्या नाम थे, और उनके 8वीं कक्षा में कौन-कौन से विषय थे। साथ ही यह भी पूछा गया कि उस समय आठवीं की परीक्षा बोर्ड द्वारा ली जाती थी या स्कूल द्वारा।



हिसार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त करते हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो : हरिभूमि


# जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए हकृवि को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

- विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने पर मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। मंच पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राज्य जल शक्ति मंत्री वी सोमन्ना व राज भूषण चौधरी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार - 2024 की घोषणा की गई जिसमें विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल-कॉलेज के अतिरिक्त) श्रेणी में प्रथम स्थान के लिए चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण को लेकर प्रदेश भर के किसानों को जागरूक किया।

# गीता महोत्सव में कृष्णा देवी गुरुकुल के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



उकलाना। शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राएं।

- प्राचार्य ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने गवर्नमेंट संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उकलाना मंडी में आयोजित गीता महोत्सव में उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में तनिष्का, अनन्या और कशिश तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुसुम, समृद्धि, आराध्या और भूमिका ने अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भूमिका और समृद्धि ने द्वितीय स्थान, आराध्या ने चतुर्थ स्थान, जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में तनिष्का ने द्वितीय स्थान तथा अनन्या ने छठवां स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की निदेशिका एडवोकेट काजल धायल ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गीता महोत्सव जैसे आयोजन बच्चों के बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश पांडेय ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताई।

# भारतीय ज्ञान परंपरा, तकनीक और विज्ञान को विकास का आधार मानते थे दत्तोपंत : डॉ. नेहरू

- गुजवि के अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से हुआ दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों पर विशेष व्याख्यान
- डॉ. राज नेहरू रहे मुख्यातिथि, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) डॉ. राज नेहरू ने कहा है कि भारत में गणित, विज्ञान, खगोल शास्त्र व अर्थशास्त्र की महान ज्ञान परंपरा रही है। समय की गणना भी हमने विश्व में सबसे पहले की। महान अर्थशास्त्री दत्तोपंत ठेंगड़ी जी भारतीय ज्ञान परम्परा, तकनीक और विज्ञान को राष्ट्र के विकास का आधार मानते थे। भारतीय मूल्यों की स्थापना करते हुए ही हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। डा. राज नेहरू गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से 'राष्ट्रीय एजेंडा विकसित भारत @2047 में दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों का समावेशन' विषय पर अपना व्याख्यान दे रहे थे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



हिसार। गुजवि में व्याख्यान कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी डा. राज नेहरू। फोटो : हरिभूमि

### ठेंगड़ी समाज को विकास का केंद्र मानते थे : प्रो. बिश्नोई

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी 'राष्ट्र की समृद्धि', 'समाज की समरसता' और 'व्यक्ति की गरिमा' तीनों के संतुलित उत्थान में ही भारत का वास्तविक विकास देखते थे। उन्होंने मजदूर, किसान, श्रमिक, उद्यमी हर वर्ग के लिए संगठनों की स्थापना की। ठेंगड़ी समाज को विकास का केंद्र तथा संस्कृति को समाज की आत्मा मानते थे। मॉडरेटर प्रो. एन.के. बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी के सिद्धांतों को अपनाकर ही हम अपने राष्ट्र को महान बना पाएंगे।

**सम्मेलन** अग्रोहा मेडिकल में आयुष्मान सर्जिकल कैंप सप्ताह शुरू

# आयुर्वेद चिकित्सकों ने भ्रूण हत्या न करने की शपथ ली

वैद्य ताराचंद प्रतिष्ठित आयुर्वेद भूषण अवार्ड से सम्मानित, डॉ. राजकुमार दिनोदिया को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा प्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन के दौरान एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल करते हुए 1020 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सकों ने भ्रूण हत्या न करने की शपथ ली। यह संकल्प न केवल चिकित्सा जगत में नैतिकता का सशक्त संदेश देता है, बल्कि समाज में कन्या भ्रूण रक्षा को बढ़ावा देने की एक प्रेरक पहल भी है।

सम्मेलन के दौरान अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों को विभिन्न अवार्डों से सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान के तहत वैद्य ताराचंद को प्रतिष्ठित आयुर्वेद भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा चार डॉक्टरों को लम्बे समय से आयुर्वेद सेवाएं देने पर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनमें हिसार आयुर्वेद सम्मेलन के संरक्षक व हिसार निवासी डॉ. राजकुमार दिनोदिया, डॉ. के. सी. शर्मा, डॉ. के.के. मोहन, डॉ. ओ.पी. वशिष्ठ शामिल रहे। इन सम्मानित हस्तियों ने वर्षों तक आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रचार, उन्नयन और शोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह जानकारी आयुर्वेद सम्मेलन के जिला महासचिव डॉ. घनश्याम पचार ने दी।



हिसार। डॉ. राजकुमार दिनोदिया को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड देते हुए जिला आयुर्वेद सम्मेलन के जिला प्रधान डॉ. सुरेन्द्र सिहाग, जिला महासचिव डॉ. घनश्याम पचार व कोषाध्यक्ष डॉ. नकुल शर्मा। फोटो : हरिभूमि



हिसार। आयुष्मान सर्जिकल कैंप सप्ताह का शुभारंभ मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद डीपी वत्स व अन्य।

### आयुष्मान सर्जिकल कैंप सप्ताह का शुभारंभ

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 'आयुष्मान सर्जिकल कैंप सप्ताह' का मंगलवार को भव्य शुभारंभ किया गया। इस विशेष सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध लाभार्थियों को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध शल्य चिकित्सा (सर्जरी) सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जनरल डी.पी. वत्स ने शिरकत की। उनके साथ महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव चौहान और सभी विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। जनरल डी.पी. वत्स ने अग्रोहा मेडिकल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि अग्रोहा मेडिकल आयुष्मान की सुविधा के मामले में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।



हांसी। सदर थाना का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

### एसपी ने किया सदर थाना व सिसाय पुल पुलिस चौकी का निरीक्षण

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार को सदर थाना हांसी व सिसाय पुल पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने थाना व पुलिस चौकी का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड के निरीक्षण के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाना व चौकी के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की व्यवस्था भी चैक की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना व चौकी प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि थाना व चौकी में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाये। पुलिस थाना व चौकी में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुन, शिकायत का समयावधि में निदान करे। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। अपराध नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना में अंकित अभियोगों की स्थिति के बारे में पड़ताल की। तथा लंबित अभियोगों के निष्पादन को लेकर अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित करते कहा कि सभी लंबित अभियोगों का समय सीमा के अंदर निदान करें और अनुसंधानकर्ता के साथ थाना व चौकी प्रभारी भी घटना स्थल पर जाए।



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



# सारा

## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स'में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

## टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया दौरा

**सिरसा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पुनीश जिंदिया तथा सीजेएम एवं सचिव प्रवेश सिंगला ने स्थानीय जिला जेल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जेल बंदियों और कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### युवती को धमकी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** युवती को अश्लील फोटो और आपत्तिजनक संदेश भेजने तथा धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान योगेश कुमार के रूप में हुई है।

### अवैध पिस्तौल सहित एक युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान गांव बड़ागुढा फाटक से सुखचैन रोड पर एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम नाकाबंदी के दौरान सुखचैन रोड, बड़ागुड़ा क्षेत्र में मौजूद थी।

### भाई कन्हैया आश्रम में जागरुकता शिविर आयोजित

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डिप्टी एलएडीसी वंदना मोंगा के नेतृत्व में भाई कन्हैया आश्रम में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नालसा की मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों एवं बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

### तेजधार चाकू सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत शहर फतेहाबाद पुलिस ने तेजधार चाकू के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को काबू कर उसकी संभावित आपराधिक योजना पर समय रहते रोक लगा दी। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व वाली टीम को आरोपी की गतिविधियों के संबंध में विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी।

### पटेल जयंती के उपलक्ष्य में पदयात्रा आज

**सिरसा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदारञ्च150' प्रथम पदयात्रा का आयोजन 19 नवंबर को कालांवाली में किया जाएगा। पदयात्रा माता पूना देवी डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, कालांवाली से सुबह 9 बजे शुरू होगी।

### पुरस्कार के लिए बालिकाएं 21 तक करें आवेदन

**सिरसा।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 21 नवंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं।

### रोजगार मेला कल, विभिन्न पदों के लिए होगा चयन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला रोजगार कार्यालय में 20 नवंबर को विवेकानंद स्कूल अरनियांवाली (सिरसा) द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रोजगार मेले लगेगा। मेले में विभिन्न पदों के लिए आवेदन होगा।

---

**ऑपरेशन ट्रेकडाउन : अम्बाला में विशाल मेगामार्ट पर हुई फायरिंग में था शामिल**

# सीआईए रतिया ने अवैध असला सहित कुख्यात आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी आकाश उर्फ सोनू पुत्र शेर सिंह निवासी भिरडाना को काबू किया है। लगातार अपराधों को अंजाम देने और अवैध हथियारों के साथ घूमने के लिए कुख्यात इस आरोपी को पुलिस टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई में काबू कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस रडार पर था और उसकी गतिविधियों से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। सीआईए प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल सिंह ने बताया कि प्रधान सिपाही दिनेश कुमार के नेतृत्व में टीम को नजदीक गांव अयालकी क्षेत्र में आरोपी की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। जानकारी की पुष्टि होते ही पुलिस ने मौके पर जाल बिछाया और आरोपी आकाश उर्फ सोनू उर्फ शुभम को धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। हथियारों के स्रोत और संभावित उपयोग को लेकर पूछताछ जारी है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी कई संगीन मामलों में पहले भी शामिल रहा है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार, हिंसक झड़प, धमकी और षड्यंत्र जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2019 में अम्बाला स्थित विशाल मेगामार्ट पर हुई फायरिंग की घटना में भी उसकी संलिप्तता पाई गई थी।टीम ने बताया कि ऑपरेशन ट्रेकडाउन आगे भी लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्यवाहियाँ होती रहेंगी।



रतिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार कुख्यात अपराधी आकाश उर्फ सोनू।

### डोडा पोस्त तस्करी मामले में सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़े करते हुए भूना पुलिस ने डोडा तस्करी के एक मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ मिट्ठू पुत्र छोटूराम निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 29 सितंबर को मुखबिर की विशेष सूचना पर ज्ञान चौक, गोरखपुर में रेड की गई थी। उस दौरान आरोपी विनोद उर्फ बंटी के कब्जे से 950 ग्राम डोडा पोस्त बरामद



सिरसा। पुलिस गिरफ्त में हेरोइन तस्कर। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने तस्कर सहित हेरोइन सप्लायर महिला को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान रोड़ी क्षेत्र से हजारों रुपये की 8 ग्राम 58 मिलीग्राम हैरोइन बरामद कर महिला सप्लायर सहित एक युवक को काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआई सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रोड़ी की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव सूरतिया के नजदीक पंहुची तो सामने से एक स्कूटी सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर खिसकने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 8 ग्राम 58 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मानसा निवासी तेजिंदर पाल सिंह के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना रोड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की गई है। जांच के दौरान आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि रोड़ी निवासी जसविंद्र कौर पत्नी इकबाल सिंह से लेकर आया था। पुलिस टीम ने रोड़ी गांव में दबिश देकर सप्लायर महिला जसविंद्र कौर को गिरफ्तार कर लिया।

---

**पराली प्रबंधन को लेकर किया जागरूक**

## पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती : सुखदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। विभागीय टीमें किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण, भूमि और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दे रही है तथा इसके विकल्प अपनाने की अपील भी कर रही है। मंगलवार को टीमों ने गांव जीवन नगर, करीवाला, कुमथल, मल्लेकां, हुमायुखेड़ा, आसाखेड़ा, राम नगरिया, चामल, पोहड़कां, भूर्टवाला, मिर्जापुर आदि में किसानों से संवाद किया।

**पराली जलाने के नुकसान**

कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं और आने वाले वर्षों में पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। साथ ही धुआं और जहरीली गैसों के कारण वायु गुणवत्ता बिगड़ती है, जिससे खांसी, दमा और एलर्जी जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं और धुंध व स्मॉग के चलते सडक़ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर और रोटावेटर जैसी मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध करा रही है, जिनकी मदद से पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाया जा सकता है। इसके अलावा पराली का उपयोग बायोएनर्जी और पशु चारे के रूप में करने को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के तहत 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान भी दिया जा रहा है।

---

**राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन**

## मदर टेरेसा स्कूल की छात्राओं ने प्रतिभा को किया शानदार प्रदर्शन

- छात्रा कनन शर्मा ने दैनिक कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका निभाई

**भट्टूकलां।** भिवानी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में इस वर्ष विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले इस महत्त्वपूर्ण शिविर में मदर टेरेसा स्कूल, भट्टू मंडी की दो छात्राओं ने भी भाग लेते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शिविर में छात्रा कनन शर्मा ने दैनिक कार्यक्रम अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और कुशलता के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग दिया। कनन ने न केवल अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया, बल्कि प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन किया। अपनी अद्भुत एकाग्रता और संतुलन क्षमता का परिचय देते हुए उन्होंने बॉल बैलेंस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही फोल्ड लेग रेस में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। छात्रा रितु राज ने भी पूरे उत्साह और जोश के साथ दो प्रमुख प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने ड्राइंग प्रतियोगिता और दौड़ प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराते हुए अपनी रचनात्मकता और खेल प्रतिभा दोनों का परिचय दिया। रितु की मेहनत और लगन ने सभी का मन जीता।



भट्टूकलां। छात्राओं का स्वागत करते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

---

**20 से 28 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम**

## फसली अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों बारे लोगों को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 20 से 28 नवंबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वॉलिंटियर का शैड्यूल जारी किया गया है। इस अवधि के दौरान पैनल अधिवक्ता व पीएलवी नागरिकों को फसली अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों बारे भी जागरूक करेंगे। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी द्वारा मौलिक अधिकार और कत्तव्य, ट्रांसजेंडर के अधिकार, मानसिक रूप से विकलांग एवं दिव्यांग व्यक्तियों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं, विधवा योजना, एसिड हमलों के पीड़ित, आपदा पीड़ित, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, घरेलू हिंसा अधिनियम, अत्याचार और अस्पृश्यता इत्यादि बारे जानकारी दी जाएगी।

## जांडली खुर्द के लोगों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

- बुस्टिंग स्टेशन के लिए गोदारा ब्रदर्स ने पंचायत को दान दी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव जाण्डली खुर्द के लोगों को अब स्वच्छ पेयजल मिलेगा। गांव में बुस्टिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा। बूस्टिंग स्टेशन के लिए गांव के ही महेश गोदारा व रघुवीर गोदारा ने गांव जांडली खुर्द के वाटर वर्क्स बूस्टिंग स्टेशन के लिए जमीन दान दी है। गोदारा परिवार द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिए गए इस फैसले की ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की है। जमीन दान देने पर पंचायत द्वारा आज महेश गोदारा व रघुवीर गोदारा को विशेष तौर पर सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व गांव में आज ग्राम पंचायत जाण्डली खुर्द की बैठक सरपंच बलवंत पुनिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गांव में पीने के पानी की खराब गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में इस समस्या को लेकर चर्चा की गई और साफ पानी के लिए बुस्टिंग स्टेशन स्थापित करने का फैसला लिया गया। इसके बाद पंचायत ने गांव के ही रघुबीर गोदारा और मास्टर महेश गोदारा सुपुत्र स्व. श्रीराम गोदारा के सामने अपनी पुस्तैनी जमीन में से बुस्टिंग स्टेशन के लिए जमीन दान करने का प्रस्ताव रखा। दोनों भाईयों ने पंचायत की बात को सर्वोपरि रखते हुए अपनी पुस्तैनी जमीन में से बुस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए आवश्यकतानुसार जमीन ग्राम पंचायत को दान देने की घोषणा की।



फतेहाबाद। बुस्टिंग स्टेशन के लिए जमीन दान देने पर महेश गोदारा व रघुबीर गोदारा को सम्मानित करते जांडली खुर्द के सरपंच। फोटो : हरिभूमि

---

### फर्जी धान पंजीकरण घोटाले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराधों पर कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़े आर्थिक घोटाले में दसवें आरोपी की गिरफ्तारी की है। आरोपी की पहचान दलवीर सिंह उर्फ काला सिंह पुत्र ठाकुर सिंह, निवासी वार्ड नं. 1, रतिया के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि 8 सितंबर 2022 को उप-निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्यमंत्री उडऩदस्ता, हिसार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ नामजद आरोपी फतेहाबाद के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके सरकारी पोर्टल पर आम लोगों की भूमि का फर्जी पंजीकरण करवाते थे।

## एसडीएम अर्पित संगल ने किया राजकीय प्राथमिक स्कूल मटदादू का निरीक्षण

- स्कूल की चारदीवारी की डिमार्केशन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

एसडीएम अर्पित संगल ने मंगलवार को गांव मटदादू के राजकीय प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण स्कूल प्रशासन द्वारा स्कूल से सटी खाली जमीन पर कूड़ा-कचरा डाले जाने की शिकायत पर किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने तहसीलदार को स्कूल की चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) की डिमार्केशन करने के निर्देश दिए, ताकि स्कूल की जमीन की हदबंदी स्पष्ट हो सके और भविष्य में अतिक्रमण या कचरा फेंकने जैसी समस्याओं से बचा जा सके। उन्होंने स्कूल परिसर के भीतर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने बारे भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि खाली जमीन पर कूड़ा-करकट न डाला जाए। उन्होंने स्कूल प्रशासन और स्थानीय पंचायत को मिलकर काम करने और परिसर व आसपास की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



सिरसा। मटदादू स्कूल का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी बिक्री केंद्र पर रबी फसलों के बीजों की बिक्री शुरू

**सिरसा।** हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड द्वारा राज्य के किसानों को गुणवत्तापूर्ण सब्जी एवं रबी फसलों के बीज समय पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सिरसा यूनिट के सभी सेल काउंटरों पर सब्जी तथा अन्य बीजों की बिक्री शुरू कर दी गई है। निगम की ओर से सरकार की सब्सिडी नीति के तहत प्रमाणित बीज किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि वे बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। हरियाणा बीज विकास निगम के प्रबंधक मलकीत सिंह ने बताया कि निगम के विभिन्न बिक्री केन्द्रों पर मेथी, धनिया, शलगम जैसे सब्जी बीजों के साथ-साथ गेहूं, सरसों, चना, जौ आदि रबी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

---

**जागरुकता** | बाल श्रम और पॉक्सो जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरुकता बढ़ाया उद्देश्य

# बाल अधिकार संरक्षण, शिक्षा व पॉक्सो पर जिला स्तरीय सम्मेलन

विशेषज्ञों ने बाल श्रम एक्ट 1986, जेजे एक्ट 2015, और पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय पंचायत भवन में बाल अधिकार, शिक्षा, बाल श्रम व पॉक्सो विषय पर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में बाल अधिकार संरक्षण, बच्चों के लिए शिक्षा प्रदान करने और यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूक करने संबंधी व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की डिवीजन हेड पायल शर्मा, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर, राष्ट्रीय आयोग से एडवोकेट शुभांकर चौधरी, सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन मदन लाल, महिला एवं बाल विकास की उपनिदेशक डा. दर्शना सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल आदि मौजूद रहे।



सिरसा। सम्मेलन में मौजूद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य।

### सुरक्षित वाहन पॉलिस की दी जानकारी

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की डिवीजन हेड पायल शर्मा ने बाल श्रम एक्ट 1986 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा शुभांकर चौधरी ने जेजे एक्ट 2015 व पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी देते हुए आमजन को जागरूक किया। हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने स्कूली स्तर पर बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल में उपलब्ध करवाने में विद्यार्थी, अध्यापक व अभिभावक की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने स्कूल सेफ्टी व सुरक्षित वाहन पॉलिसी के बारे में भी अवगत करवाया। वहीं एसएचओ साइबर क्राइम सुभाष ने कार्यक्रम में स्कूलों में साइबर बुलिंग की पहचान, रोकथाम और कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में व्याख्याताओं ने अलग-अलग विषय पर जागरूक करते हुए आमजन को बाल अधिकारों के प्रति सजग रहने व बाल अधिकारों की उल्लंघना पर आवाज उठाने की अपील की। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य बाल अधिकारों के संरक्षण, बाल श्रम रोकने व यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूक करना है।

---


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)**

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजवीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, वीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चीकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं.10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डावर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

खबर संक्षेप

## छात्रों ने कुफ़री व चंडीगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया

**उकलाना ।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शुक्रवार को कुफ़री और चंडीगढ़ का दो दिवसीय रोमांचक शैक्षणिक भ्रमण किया। शुक्रवार रात विद्यालय परिसर से रवाना हुए विद्यार्थियों ने सबसे पहले कुफ़री की मनोरम वादियों और हरी-भरी पहाड़ियों का आनंद लिया। ठंडी हवाओं के बीच बच्चों ने प्राकृतिक सौंदर्य को नजदीक से महसूस करते हुए खूब मस्ती की। भ्रमण के दूसरे चरण में सभी छात्र-छात्राएँ चंडीगढ़ स्थित प्रसिद्ध छतबीर जू पहुँचे। यहाँ बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जंगली पशु-पक्षियों तथा वन्य जीवन के बारे में रोचक जानकारी प्राप्त की।

## खाटू श्याम-सालासर बस यात्रा 22 को रवाना होगी

**आदमपुर।** आदमपुर, भट्टू, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए शनिवार 22 नवंबर को 93वीं खाटू श्याम-सालासर बालाजी धार्मिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व नरेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम, सालासर के अलावा फतेहपुर शेखावटी में बुद्धगिरी मंदिर के दर्शन करेंगे। धार्मिक माहौल में जा रही बस यात्रा में पांच लक्की ड्रा उपहार आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## आदमपुर पॉलीटेक्निक ने जीता कांस्य पदक

**आदमपुर।** गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक मंडी आदमपुर की पुरुष और महिला वॉलीबॉल टीमों ने इंटर पॉलीटेक्निक वॉलीबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला वर्ग का टूर्नामेंट गवर्नमेंट वूमेन पॉलीटेक्निक, फरीदाबाद में तथा पुरुष वर्ग का टूर्नामेंट गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक, सिरसा में आयोजित किया गया। मीडिया कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार ने बताया कि महिला वर्ग में टीम ने मंडकोला की टीम को हराकर तथा पुरुष वर्ग में टीम ने उमरी की टीम को मात देकर कांस्य पदक हासिल किया।

## यूथ फेस्टिवल में सीए छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**हिसार।** एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा सीए स्टूडेंट्स के लिए आयोजित किए गए उमंग युवा उत्सव में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल व एनआईसीएएसए के चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज ने बताया कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए उमंग युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**हिसार।** नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के दोषी मनीष को अदालत ने 20 साल की कैद और 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार सदर थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में केस दर्ज किया था। एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को 17 वर्षीय बेटी लापता होने की शिकायत दी थी। उसकी बेटी 24 सितंबर 2021 की रात घर से अचानक गायब हो गई। सुबह परिजनों को पता चला तो आस-पास और रिश्तेदारी में तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

टीम ने दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान को भी अपने कब्जे में लिया

# अतिक्रमण पर नगर निगम प्रशासन ने दिखाई सख्ती

## पूजा मार्केट और ऑटो मार्केट समेत कई स्थानों से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज के निर्देशों पर नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर जारी है। निगम की तहबाजारी टीम ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में निरीक्षण किया और अतिक्रमण को लेकर सख्त रूप अपनाया। निगम ने कुछ स्थानों से सड़क पर रखे सामान को भी अपने कब्जे में लिया है। कुछ स्थानों पर निगम ने चेतावनी दी कि भविष्य में अतिक्रमण किया तो उनका सामान जब्त किया जाएगा और वापस भी नहीं किया जाएगा। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को अभियान की शुरुआत पूजा मार्केट में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाकर की गई। इसके बाद टीम ने राजगुरू मार्केट में भी इसी तरह का अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि पड़ाव चौक से जहाजपुल चौक, जहाजपुल चौक से सब्जी मंडी चौक और वहां से सैनियान मोहल्ला रोड तक पत्थर कारोबारियों और ढोल बजाने वालों द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। प्राप्त शिकायतों के आधार पर परिजात चौक और साउथ बाइपास स्थित सेक्टर 16-17 के पास से भी अतिक्रमण हटवाया गया। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि टीम ने ऑटो मार्केट में भी सड़क पर कब्जा किए गए स्थानों को खाली करवाया। कार्रवाई के दौरान जेई राजकुमार भी टीम के साथ मौजूद रहे।



हिसार। पूजा मार्केट में अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

## नगर निगम ने 56 बेसहारा पशु पकड़कर भेजे गो-अभ्यारण

**हिसार।** अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा 2 दिनों में सैनियान मौहल्ला, सिटी थाना रोड, पुलिस लाइन, सुंदर नगर, रामपूरा मोहल्ला, रेड स्क्येवयर मार्केट, मुलतानी चौक, ऋषि नगर, न्यू ऋषि नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 14 पार्ट-2, सेक्टर 33 से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 56 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## स्वच्छता के नियम तोड़ने पर नगर निगम ने 7 चालान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को खुले में कचरा फेंकते हुए पकड़ा

नगर निगम प्रशासन की ओर से मंगलवार को निरीक्षण के दौरान एएसआई कपिल की टीम ने सातरोड बाइपास के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को खुले में कचरा फेंकते हुए पकड़ा, जिस पर ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिक के खिलाफ 5,000 रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू ने मॉडल टाउन और आजाद नगर क्षेत्र में दो दुकानदारों को सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करने तथा तीन दुकानदारों को डस्टबिन न रखने पर चालान जारी किए। इसके अलावा, एएसआई विजेता ने गुरु जंभेश्वर मार्केट में एक दुकानदार को खुले में कचरा डालते पाया, जिसके खिलाफ भी चालान की कार्रवाई की गई।


हिसार। स्कूल के एमडी आरएस सिंधु के साथ पदक विजेता छात्रा श्रुति।

## हैंडबॉल में होली चाइल्ड की श्रुति ने जीता कांस्य

### स्कूल व जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की खिलाड़ी श्रुति ने हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हैंडबॉल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गुरुग्राम में संपन्न हुई थी। गौरतलब है कि यह टूर्नामेंट 13 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ आयु वर्ग की टीमें शामिल रहीं। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए निर्णायक मुकाबले में हिसार की टीम का सामना सिरसा से हुआ। इस रोमांचक मैच में स्कोर 21-30 रहा। मैच के दौरान श्रुति ने खेल भावना का परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान सुरक्षित किया। स्कूल के एमडी आरएस सिंधु तथा प्रधानाचार्य अनीता पन्नू दलाल ने श्रुति की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न सिर्फ स्कूल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने श्रुति के कोच सतबीर पन्नू के मार्गदर्शन और खिलाड़ी की मेहनत की भी सराहना की।

# युवा भी हो रहे सीओपीडी जैसी बीमारी के शिकार : डॉ. तायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. दीपक तायल तथा डॉ. भूषण सुदर्शन बंसल

युवा धूम्रपान का इस्तेमाल कर रहे हैं, ऐसे में युवा भी सीओपीडी जैसी बीमारी का शिकार हो रहे है। यह बात सीओपीडी के उपलक्ष्य में मंगलवार को आधार अस्पताल के सीनियर चिकित्सक डॉ. दीपक तायल तथा डॉ. भूषण सुदर्शन बंसल ने पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) धूम्रपान, बीड़ी, हुक्के के सेवन, धुएं तथा वायु प्रदूषण के कारण होती है। फेफड़ों और वायु मार्ग में जलन और क्षति के कारण यह स्थिति उत्पन्न होती है। सिगरेट का लंबे समय तक इस्तेमाल फेफड़ों का नुकसान होता है। जो लोग धूल धुएं रसायनों के संपर्क में आते है, उनमें सीओपीडी का खतरा बढ़ जाता है। बचपन में फेफड़ों की समस्याओं का होना और आनुवंशिक प्रकृति भी सीओपीडी के जोखिम बढ़ सकती है।

# किसान-मजदूर 26 को करेंगे लघु सचिवालय का घेराव

■ संयुक्त किसान मजदूर बाडो पट्टी टोल कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला


बरवाला। किसान विश्राम गृह में बाडो टोल कमेटी की आयोजित बैठक में अपने विचार रखते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 नवम्बर को लघु सचिवालय हिसार के घेराव की तैयारियों को लेकर संयुक्त किसान मजदूर बाडोपट्टी टोल कमेटी की बैठक किसान रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ईश्वर वर्मा, सुजान सोथा और बलवान बैनीवाल ने संयुक्त रूप से की। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के वरिष्ठ नेता जोगेंद्र नैन भी बैठक में उपस्थित रहे। टोल कमेटी अध्यक्ष सरदानन्द राजली ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि टोल कमेटी आने वाले दिनों में गांव–गांव जाकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी, ताकि आंदोलन को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाडोपट्टी टोल कमेटी की तरफ से हजारों की संख्या में किसान मजदूर 26 नवम्बर को क्रांतिमान पार्क में प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गंगा सिंह नैन, सुबेसिंह आर्य, रणबीर सिंह गिल, रोहतास राजली, कामरेड राजू बरवाला, सत्यवान खेदड़, उमेद चाहार, धोला जेवरा, नरेश भ्याण, मास्टर कर्मवीर, राजू भगत सरसौद मौजूद रहे।


हिसार। कार्यक्रम में नशा न करने की शपथ लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

## नशा मुक्त भारत अभियान के पांखच साल पूरे होने पर मेगा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ गुरु दक्ष गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ

**हिसार।** नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मंगलवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आह्वान पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गुरु दक्ष गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज हिसार में मेगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला नागरिक अस्पताल से जिला सुकून काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में जिला हिसार के स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, गांवों और शहरों में अभियान के तहत 2 लाख 52 हजार 742 से अधिक लोगों को जागरूक कर नशा न करने की शपथ दिलवाई गई, जिसका रिकॉर्ड मंत्रालय के पोर्टल पर भी दर्ज है। कार्यक्रम के छात्रों ने एक साथ नशा न करने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग से महेंद्र लखन, राकेश धवन, धर्मवीर पानू, कॉलेज से डॉ मुकेश बंसल, अमित सावरिया, अरविन्द कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# आरपीएस स्कूल में 7वीं कक्षा को मिला बेस्ट क्लास अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

आरपीएस स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिदिन सभी कक्षाओं का मूल्यांकन करता है, जिसमें उपस्थिति, अनुशासन, नियमित कार्य और पढ़ाई में उत्कृष्टता को प्रमुख आधार माना जाता है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत अक्टूबर माह का बेस्ट क्लास अवार्ड कक्षा 7वीं (त1) को प्रदान किया गया। इस कक्षा में बच्चों ने न केवल 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की बल्कि अनुशासन, समय पर कार्य पूरा करने और पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने कक्षा 7वीं (त1) के विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।


हांसी। 7वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बेस्ट क्लास अवार्ड से सम्मानित करते स्कूल निदेशक डॉ. संदीप देसवाल व स्कूल प्राचार्या एकता सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

## पदक विजेता रिया व विधी का स्वागत

**हिसार।** नेशनल ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में गांव मीरकां की दो बहनों ने स्वर्ण पदक जीतकर गांव ही नहीं प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। यह प्रतियोगिता हरिद्वार में आयोजित की गई थी। स्वर्ण पदक विजेता रिया तथा विधी का उनके गांव मीरकां में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने उनके कोच संजय सिहाग तथा नवीन सिहाग को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रिया अंडर-11 व विधी अंडर-14 में भी गोल्ड जीत चुकी है। दोनों अल्टीयस स्पोर्ट्स अकादमी सिसाय में कोचिंग ले रही हैं।




हांसी। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर आयोजित प्रश्नोतरी परीक्षा में भाग लेते छात्र।

## विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, गीता श्लोक उच्चारण में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

■ श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अंतर्गत विद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, गीता श्लोक उच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी एवं पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं जिला, मंडल एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी। स्कूल अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

कार्यक्रम

## गुजवि के जनसंचार विभाग ने आयोजित की एआई पर एक दिवसीय कार्यशाला

हम एआई का प्रयोग गहरी समझ और नैतिकता से करें

# कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) से संसार बन रहा तेज, स्मार्ट और कुशल : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) हमारे संसार को और अधिक तेज, स्मार्ट और कुशल बना रही है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम एआई का प्रयोग गहरी समझ और नैतिकता से करें। जीवन के हर क्षेत्र में एआई बहुत ही फायदेमंद हो रही है और निर्णय लेने में हमारा सहयोग कर रही है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा एआई फॉर डिजिटल रेडीनेस एंड एडवांसमेंट (एआईडीआरए) के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल की मेनेजिंग एडिटर एंड डिजिटल इनपुट हेड सीमा गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. योगेश चाबा ने की। संयोजक प्रो. उमेश आर्य, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज दयाल तथा डॉ. एम.आर. पात्रा भी मंच पर उपस्थित रहे।


हिसार। गुजवि में कार्यशाला में मुख्य वक्ता सीमा गुप्ता को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### मीडिया के क्षेत्र में एआई की क्रांति

सीमा गुप्ता ने मीडिया के क्षेत्र में हो रहे एआई के प्रयोगों की व्यावहारिक जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक एआई एंकर ने डिजिटल मीडिया में क्रांति ला दी है तथा साथ ही एक वास्तविक एंकर के एआई स्वरूप ने किस प्रकार एक ही समय में एक ही जैसे दिखने वाले तथा बोलने वाले दो एंकरों को स्क्रीन पर प्रस्तुत कर दिया। उन्होंने बताया कि एडिटिंग से लेकर प्रस्तुतिकरण तक एआई ने बहुत कुछ बदल दिया है। मीडिया के लिए योजनाएं बनाने में भी एआई कारगर साबित हो रही है। मंच संचालन डा. पल्लवी ने किया।


हिसार। पेड़ से टकराने के बाद मौके पर खड़ी कार। फोटो : हरिभूमि

## हादसे में कार सवार की मौत

**सिवानी मण्डी।** गाँव बिधवान ढाणी भकरा रोड़ पर एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और इस हादसे में कार में सवार दो लोगों में से एक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को उपचार के लिए हिसार स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इस मामले में सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है । जानकारी के अनुसार एक आल्टो कार ईश्वरवाल की तरफ़ से ढाणी भांकरा की तरफ़ जा रही थी तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई और कार के परखच्चे उड़ गए । हादसे में कार में सवार दो लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया । पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है । कार में सवार दोनों युवकों की पहचान नहीं हो पाई है ।

## आदमपुर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जारी : भाजपा

**आदमपुर।** आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं युवा नेता भव्य बिश्नोई के प्रयासों से करोड़ों रुपये के विकास कार्य जारी हैं। इसी कड़ी में आदमपुर मंडी बस स्टैंड से लेकर क्रांति चौक होते हुए फाटक तक 62.93 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी सडक़ के निर्माण कार्य का टेंडर हो गया है। यह ही यह कार्य शुरू हो जाएगा। भाजपा नेता विनोद ऐलावादी एवं जयवीर गिल ने बताया कि आदमपुर के विकास की गति लगातार तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा 1 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से बन रही आदमपुर मंडी बाइपास सडक़ का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। 74 लाख रुपये की लागत से बस स्टैंड से लेकर सरकारी अस्पताल होते हुए मॉडल टाउन तक सड़क का निर्माण कार्य भी जारी है।